

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

09 भटगांव कॉलेज की 18 एकड़ भूमि होगी सुरक्षित



10 त्रिवेणी संगम तट पर रघुनाथ जी के चरित्र को सुनने...





# सिद्धखोल जलप्रपात में ईको-टूरिज्म प्रबंधन से संवर रही ग्रामीणों की आजीविका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले का प्रसिद्ध सिद्धखोल जलप्रपात इन दिनों पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। वन विभाग के मार्गदर्शन में स्थानीय संयुक्त वन प्रबंधन समिति कुकरीकोना द्वारा यहां संचालित किए जा रहे ईको-टूरिज्म प्रबंधन ने न केवल वनों और पर्यावरण के संरक्षण की एक नई मिसाल पेश की है, बल्कि स्थानीय आदिवासी व ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका का एक सशक्त माध्यम भी बनकर उभरा है।

- प्रशिक्षित युवा जलप्रपात क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों के मार्गदर्शन व सुरक्षा में लगे

कुकरीकोना समिति द्वारा स्थानीय ग्रामीण युवाओं को जोड़कर एक 'पर्यटन समूह' का गठन किया गया है। ये प्रशिक्षित युवा जलप्रपात क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों का मार्गदर्शन करते हैं।

मानसून के दौरान जलप्रपात के समीप चिन्हित संवेदनशील एवं खतरनाक स्थलों पर मुस्तैद रहकर सैलानियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए समिति के काउंटर पर प्राथमिक चिकित्सा किट की भी पुख्ता व्यवस्था की गई है।

## पर्यटकों की संख्या में लगातार हो रहा इजाफा

### प्लास्टिक मुक्त' और ईको-फ्रेंडली पर्यटन प्रतिमान

सिद्धखोल के संवेदनशील वनक्षेत्र को पूरी तरह स्वच्छ और प्लास्टिक-मुक्त बनाए रखने के लिए कुकरीकोना समिति द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। प्रवेश द्वार पर पानी की प्लास्टिक बोतलों के लिए 50 रुपए का रिफंडेबल चार्ज लिया जाएगा, जिसे पर्यटकों द्वारा बोतल सुरक्षित वापस लाने पर तुरंत लौटा दिया जाएगा। पूरे परिसर में स्थानीय बांस से बने कूड़ेदान स्थापित करने का निर्णय लिया गया हैं। साथ ही, समिति की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा पर्यटकों को रियायती दरों पर जूट,कपड़े के थैले और दोना-पत्तल उपलब्ध कराए जाएँगे ।प्रत्येक सोमवार को वन अमले और समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से पूरे पर्यटन मार्ग में /"स्वच्छता श्रमदान/" चलाकर संपूर्ण कचरे का सुरक्षित निपटान किया जाएगा।

### शुल्क प्रणाली का सरलीकरण

समिति द्वारा पर्यटकों को सुगम और किफायती अनुभव देने के लिए प्रवेश शुल्क प्रणाली में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। पूर्व में ली जाने वाली 20 रुपए दोपहिया एवं 30 रुपए चारपहिया वाहन-आधारित पृथक पार्किंग फीस को पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। अब इसके स्थान पर केवल 10 रुपए प्रति व्यक्ति का एकल प्रवेश शुल्क लागू किया गया है। ईको-टूरिज्म के इस सफल मॉडल से कुकरीकोना गाँव के दर्जनों परिवारों को सीधे तौर पर रोजगार मिला है। इको पर्यटन से समिति के लाभांश और ग्रामीणों की दैनिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे ग्रामीणों का वनों के प्रति जुड़ाव और बढ़ा है।

## खबर संक्षेप

### 13 से 18 जुलाई तक एचपीवी टीकाकरण का विशेष अभियान

**भाटापारा।** विकासखंड भाटापारा में 13 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक एचपीवी टीकाकरण का विशेष अभियान शहर से लेकर सभी ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। यह टीका गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।ऐसी बालिकाएं जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया हो।लेकिन 15वां जन्मदिन अभी नहीं मनाया हो। उन्हें यह टीका निशुल्क लगाया जाएगा। एचपीवी टीका क्यों आवश्यक है? यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव करता है। किशोरावस्था में लगाया गया टीका भविष्य में कैंसर के जोखिम को कम करने में सहायक होता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार द्वारा इसकी अनुशंसा की गई है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र माहेश्वरी ने अपील की सभी अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों तथा सामाजिक संगठनों से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें तथा पात्र बालिकाओं को नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर लाकर टीका अवश्य लगवाएं।

### महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग की दी जानकारी



कसडोल/ सेल। वनांचल क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं वित्तीय रूप से जागरूक बनाने के उद्देश्य से ग्राम नवागांव में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सीएफएल सेंटर कसडोल द्वारा एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 148 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मनी वाइज आरोह फाउंडेशन की वित्तीय सलाहकार झंकार पड़वार एवं हेमकुमारी पटेल ने महिलाओं को घरेलू बजट, सुरक्षित बचत, निवेश तथा डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने डेबिट कार्ड, ▸▸ शेष पेज 07 पर

## पहल : हर माह के पहले सोमवार को सामूहिक पुस्तक वाचन

# कक्षा में मोबाइल चलाते मिले शिक्षक तो होगी कार्रवाई, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के सभी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करने जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर सभी प्रमुखों को शिक्षा व्यवस्था से जुड़े 12 बिंदु के आदेश का कड़ाई से पालन करने कहा है।



- कलेक्टर ने जिले के स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने जारी किए निर्देश

कलेक्टर द्वारा जारी प्रमुख निर्देश में प्रत्येक विद्यालय में स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित वातावरण बनाए रखना। कक्षा के दौरान शिक्षकों द्वारा मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध किया गया है।अध्यापन के समय मोबाइल का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने और उच्चारण शुद्धि के लिए प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को अपरान्ह 3:30 बजे जिले के सभी विद्यालयों में एक साथ पुस्तक वाचन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

इसी प्रकार अपनी जिज्ञासा के पुस्तकों को पढ़ने के लिए अवसर दिया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 30 मिनट का लाइब्रेरी के लिए 1 अतिरिक्त क्लास अनिवार्य रूप से टाइम-टेबल में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। लाइब्रेरी में प्रेरणादायक पुस्तक, रचनात्मक कहानी, विज्ञान, साहित्य एवं तर्कशक्ति की पुस्तकों को विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### 30 कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, आईएमएकी जिला इकाई ने लिया स्वस्थ करने का जिम्मा

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के कुपोषण मुक्त जिले की दिशा में संयुक्त पहल करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. जे.एन. शुक्ला के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आईएमए द्वारा शुक्रवार को सारंगढ़ विकासखंड में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्राम छुहीपाली के 15 सहित कुल 30 कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं पोषण आहार उपलब्ध कराया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के वजन एवं वृद्धि की साप्ताहिक निगरानी करेंगी, जबकि एक माह बाद पुनः संयुक्त टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा। डॉ. जे.एन. शुक्ला ने बताया कि चिकित्सक दिवस के अवसर पर आईएमए ने छुहीपाली के 15 कुपोषित बच्चों को गोद लिया है, जिनका संपूर्ण उपचार एसोसिएशन द्वारा कराया जाएगा। जिला चिकित्सालय की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती पटेल ने बच्चों की जांच कर गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने की सलाह दी।

- कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने की सलाह



#### शिविर में इन्होंने निभाई भागीदारी

शिविर में बीएमओ डॉ. आर.एल. सिदार, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनूप अग्रवाल, जन औषधि केंद्र एवं आशा निकेतन वृद्धाश्रम के संचालक रामभूषण तिवारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी चंचन रात्रे, पर्यवेक्षक विजेता केशरवानी, एनआरसी की फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर सरला कुर्रे, टीबी इकाई के दिनेश बरेठ, सरिता बरेठ तथा ग्राम पंचायत छुहीपाली के सरपंच रामगोपाल अजय, उप सरपंच सुनील बरेठ सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल के नशे में धुत ड्रेसर को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्था पर उस समय गंभीर सवाल खड़े हो गए जब 10 जुलाई 2026 की रात करीब 11 बजे रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान ड्रेसर टिकेंद्र कांत कथित रूप से नशे की हालत में पाया गया। अस्पताल में मौजूद एक मरीज के परिजन ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया और अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे। वायरल वीडियो को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। आमजन का कहना है कि जिस अस्पताल में मरीज इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं वहां यदि स्वास्थ्यकर्मी ही नशे की हालत में ड्यूटी करते मिलें तो मरीजों की सुरक्षा और उपचार व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा ने वायरल वीडियो की पुष्टि करते हुए बताया कि संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। उसके निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक समिति गठित की जाएगी। जांच रिपोर्ट और उच्च अधिकारियों के निर्देश के आधार पर आगे की प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने कहा कि यह मामला जिला चिकित्सालय का है और सिविल सर्जन को जांच समिति गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि जांच में यह प्रमाणित होता है कि संबंधित कर्मचारी आदतन शराब के नशे में ड्यूटी करता है, तो उसके विरुद्ध बर्खास्तगी जैसी कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित कर्मचारी की जिम्मेदारी और विभागीय कार्रवाई की अंतिम तस्वीर साफ होगी। यह संस्करण उपलब्ध तथ्यों पर आधारित है और आरोपों को जांचाधीन बताते हुए प्रस्तुत करता है।

# करोड़ों के काम से सुरक्षा मानक हैं गायब, मजदूर को गंवानी पड़ी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

हरिभूमि फॉलोअप

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के तहसील लवन से 05 किलोमीटर दूर बसा ग्राम पंचायत अहिल्दा में इन दिनों जल प्रदाय समूह योजना अंतर्गत 4 लाख लीटर क्षमता का पानी टँकी निर्माण कार्य जारी है इसी बीच दिनांक 11 जुलाई को दोपहर में उसमें काम करने वाले मजदूर दिशु नामक जो कि उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाला है सबसे ऊपर फ्लोर सीढ़ी निर्माण कार्य करने के दौरान पैर लकड़ी के डंडे से फिसलने एवं लकड़ी की ▸▸ शेष पेज 07 पर

## अहिल्दा में टांकी निर्माण के दौरान मजूदर की मौत



### कंपनी से इंश्योर्ड है मजदूर

अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या बड़ी कार्रवाई करते हैं। इस मामले में पीएचई विभाग बलौदाबाजार के एसडीओ राम कुमार ध्रुव ने पत्रकारों को बताया कि मामले की जानकारी मिली है, मृतक मजदूर कम्पनी से इंश्योरेंड व्यक्ति है। साथ ही पानी टंकी सहित सम्पूर्ण गांव में पाईप लाइन बिछाने तक कई करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। विभाग से पश्चिम बंगाल की कंपनी को टेंडर प्रक्रिया के तहत काम करने का जिम्मेदारी दिये गए हैं। कुछ कमियां होगी तो जांच करेंगे।



*पानी भरने व गड्ढों के कारण रोज हो रही दुर्घटना*

# हथबंद - बलौदाबाजार की जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

हथबंद–बलौदाबाजार मार्ग के वर्षों से जर्जर एवं बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस ने आज प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम सिमगा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि सिमगा–हथबंद–बलौदाबाजार मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी एवं प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार की उपस्थिति में विरोध प्रदर्शन के ▸▸ शेष पेज 07 पर

- मुख्यमंत्री के नाम पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



### प्रदर्शन के दौरान इन कांग्रेसियों ने निभाई भागीदारी

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजू भाटिया, ब्लॉक प्रभारी दीपक वर्मा, कांग्रेस नेत्री सुनीता यादव , मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, पार्षद परदेसी सोनकर, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष कान्हा यद्दु, महामंत्री अजीत भट्ट, विष्णु कोसले, विक्की मानिकपुरी, सचिव यश शर्मा लल्लू पाटकर, विक्रम पाण्डे, पप्पू राजपूत, दाऊ यद्दु, मोहन यद्दु सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## पुलिस बल ने ली देश की एकता व अखंडता की शपथ

# सरदार पटेल की जयंती पर एसपी और टीआई ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के कुशल निर्देशन में जिले के पुलिस महकमा द्वारा राष्ट्रीय पर्वों और महापुरुषों की जयंतियों को सामाजिक व राष्ट्रभक्ति के सरोकार से जोड़कर लगातार अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 12 जुलाई को देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले भारत रत्न,लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत थाना पलारी परिसर में एक विशेष 'एकता पौधरोपण अभियान' सफलतापूर्वक चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अभिषेक सिंह एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक परिवेश तिवारी ने अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के उपयोगी व पर्यावरण-अनुकूल पौधों का रोपण किया। अभियान के दौरान पुलिस बल ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की शपथ भी ली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की विभिन्न रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण किया था। उनकी 150वीं जयंती पर हमारे द्वारा रोपे गए ये पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीय एकता और शुद्ध पर्यावरण का संदेश देगा। थाना प्रभारी निरीक्षक परिवेश तिवारी ने पूरे थाना स्टाफ के साथ मिलकर इन पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का जिम्मा लिया, ताकि ये पौधे वृक्ष बनकर परिसर को हरा-भरा बना सकें।



### पौधों के संवर्धन और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था

थाना पलारी पुलिस की इस अनूठी पहल ने आम नागरिकों को भी पर्यावरण संरक्षण और देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रेरित किया है। पुलिस विभाग द्वारा लगाए गए इन सभी एकता वृक्षों के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाकर उनके संवर्धन की पुख्ता व्यवस्था की गई है।



## खबर संक्षेप



### मूणत ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शहीद भगत सिंह वार्ड में शनिवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। टाटीबंध के यदुवंशी चौक स्थित गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सभापति सूर्यकांत राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान टाटीबंध रायपुर में निर्मित सामुदायिक भवन तथा टाटीबंध यदुवंशी चौक स्थित अपूर्ण रंगमंच के पूर्णता कार्य का लोकार्पण किया गया। वहीं वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में नाली निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, विद्यालय में बाउंड्रीवाल, शौचालय एवं सहित अनेक जनोपयोगी विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ।

### नगरीय प्रशासन विभाग में 122 अधिकारियों कर्मचारियों के तबादले

**रायपुर।** राज्य शासन ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 122 अधिकारियों-कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना की है। इनमें 66 अभियंता और 56 विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारी हैं। स्थानांतरित अधिकारियों-कर्मचारियों में कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, प्रोग्रामर, राजस्व निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक से लेकर सहायक कार्यालय अधीक्षक, तकनीकी सहायक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, डॉटा एंट्री ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक राजस्व निरीक्षक, समयपाल, कैशियर, वाहन चालक, चौकीदार, पंप अटेंडेंट और भृत्य शामिल हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने स्थानांतरित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को नवीन पदस्थापना स्थल पर 7 दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण कर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

### तहसील दफ्तर में डंप मतदाता से संबंधित लाखों फार्म धूल खाकर हो रहे खराब

**रायपुर।** रायपुर तहसील दफ्तर में मतदाता से संबंधित लाखों फार्म धूल खा रहे हैं। तहसील दफ्तर के मुख्य गेट के पास मतदाता फार्म को डंप कर दिया गया है, जिसके कारण इन फार्म पर धूल की मोटी परत जम चुकी है, जिससे वे खराब हो रहे हैं। नए मतदाता का नाम जोड़ने, संशोधन एवं हटाने संबंधित इन फार्म के कई बंडल तहसील दफ्तर के मुख्य गेट के अंदर बरामदे में डंप किए गए हैं। इन फार्म की छपाई में बड़ी राशि खर्च की गई है, लेकिन जिस तरह से इन फार्म के बंडलों को लावारिस की तरह गेट के बरामदे में रखा गया है, उसके कारण ये अब खराब हो रहे है। इन मतदाता संबंधित फार्म को यहां क्यों डंप किया गया है, इन्हें सुरक्षित क्यों नहीं रखा गया है, इन सवालों के जवाब निर्वाचन शाखा के कर्मचारी भी नहीं दे पा रहे है। हालांकि सूत्रों से पता चला कि पहले इन मतदाता फार्म को जहां रखा गया था, वहां से हटा दिए हैं, लेकिन अब इन्हें कहां रखना है, यह तय नहीं हुआ है।

# खरीफ बोनी ने पकड़ी रफ्तार, फिर भी कई जिलों में लक्ष्य से पीछे खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों की अच्छी बारिश के बाद खरीफ फसलों की बोनी में तेजी आई है। हालांकि मानसून की शुरुआती सुस्ती का असर अब भी कई जिलों में दिखाई दे रहा है और धान की रोपाई व अन्य खरीफ फसलों की बुवाई लक्ष्य से पीछे चल रही है। राज्य में सर्वाधिक बोनी धान की हो रही है, जबकि मक्का, दलहन और तिलहन की बुवाई भी तेज हुई है। कृषि विभाग का मानना है कि अगले एक सप्ताह तक अच्छी बारिश जारी रही, तो बोनी का रकबा तेजी से बढ़ेगा और अधिकतर जिले लक्ष्य के करीब पहुंच जाएंगे। मानसून की देर और शुरुआती

### अच्छी बारिश हुई तो अगले सप्ताह बढ़ेगा बोनी का रकबा

बारिश की कमी के कारण सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, जशपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कबीरधाम, बेमेतरा, राजनांदगांव तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जैसे जिलों में बोनी अपेक्षाकृत पिछड़ी हुई है। इन क्षेत्रों में किसान पर्याप्त वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। मौसम में सुधार के बाद राज्य का वर्षा घटकर सामान्य श्रेणी के करीब पहुंच गया है, जिससे कृषि विभाग को उम्मीद है कि जुलाई के दूसरे पखवाड़े में बोनी का रकबा तेजी से बढ़ेगा और खरीफ सीजन की भरपाई हो सकेगी।



### अर्ली वेरायटी के किस्मों का चयन करें

कृषि विभाग द्वारा किसानों को कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों एवं किस्मों का चयन करने की सलाह दी गई है, ताकि वर्षा की अनिश्चितता का प्रभाव कम किया जा सके। धान की खेती में रोपा पद्धति के बजाय धान की सीधी बुवाई को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया है। इस तकनीक से 20 प्रतिशत पानी की बचत होती है, प्रति एकड़ लगभग 5,000 रुपये की लागत कम आती है तथा फसल 12 से 15 दिन पहले तैयार हो जाती है।

### बुवाई से बीज उपचार की सलाह

किसानों को बुवाई से पहले बीज उपचार अनिवार्य रूप से करने की सलाह दी गई है। यदि 15 जुलाई तक अंकुरण नहीं होता है, तो किसानों को पुनः बुवाई करते समय सामान्य बीज दर की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक बीज उपयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही जुलाई के अंत तक मूंग एवं उड़द की बुवाई तथा अगस्त में तिल, सूरजमुखी एवं मध्यम अवधि वाली अरहर की बुवाई करने का सुझाव दिया गया है।

**20 प्रतिशत से अधिक बोनी :** प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही खेती किसानी का कार्य तेजी के साथ शुरू हो गया है। राज्य में अब तक की स्थिति में लक्ष्य का 20 प्रतिशत से अधिक बोनी हो चुकी है। इस खरीफ सीजन में 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**बाघों के शिकार मामले में संदेहियों से लगातार पूछताछ जारी**

# बाघों का शिकार रोकने आईटीआर से गढ़चिरौली तक बनेगा 106 किलोमीटर का सुरक्षा कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


इंद्रावती टाइगर रिजर्व बाघों के मूवमेंट का बड़ा कॉरिडोर है। 28 सौ वर्ग किलोमीटर में फैले इस टाइगर रिजर्व का 106 किलोमीटर का एरिया महाराष्ट्र से सटे गढ़चिरौली से लगा हुआ है। इंद्रावती में तीन बाघों के शिकार के बाद वन विभाग के अफसर सकते में हैं। टाइगर रिजर्व की सुरक्षा बढ़ाने वन विभाग के अफसरों ने नए सिरे से प्रयास तेज कर दिए हैं। अफसरों के अनुसार शिकार रोकने महाराष्ट्र के साथ छत्तीसगढ़ के वन अफसरों तथा कर्मियों की एक कोआर्डिनेशन टीम गठित कर इंद्रावती टाइगर रिजर्व से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली तक सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। साथ ही इस क्षेत्र में दोनों प्रदेश के वन कर्मियों की टीम गश्त करने के साथ ही एक दूसरे के साथ सूचनाओं का आदान प्रदान करेगी।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के कुल क्षेत्रफल में से 1,258.37 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल कोर एरिया में शामिल है। कोर एरिया में महाराष्ट्र के वन्यजीव विचरण करते हुए इंद्रावती टाइगर रिजर्व में आते हैं। उनमें राज्य का राजकीय पशु वनभैंसा भी शामिल है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में सभी प्रजातियों के वन्यजीवों विचरण करते हैं। इस कारण बाघ शिकार की तलाश में इंद्रावती में आते रहते हैं।

### आईटीआर में और मूवमेंट की मिल रही जानकारी, विभाग अलर्ट

#### कंकाल मिला लेकिन खाल की अब तक तलाश जारी

*दो बाघ के खाल की जब्ती के साथ एक बाघ का कंकाल जब्त किया गया है। तीसरे बाघ के खाल की अब तक जब्ती नहीं हुई है। इसके लिए उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम के साथ इंद्रावती टाइगर रिजर्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम खाल की पतासाजी करने में जुटी हुई, लेकिन खाल का अब तक पता नहीं चल पाया है।*




#### चार राज्यों के तस्करों की नजर आईटीआर में

*बस्तर संभाग चार राज्यों की सीमा से सटा हुआ है। बस्तर का एक बड़ा भू-भाग ओडिशा सीमा से सटा है। सुकमा और बीजापुर, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश तथा महाराष्ट्र सीमा से सटा हुआ है। यहां बाघों के शिकार के साथ तेंदुआ का शिकार करने इन चार राज्यों के तस्करों की नजरें रहती हैं। तस्कर निचले स्तर के वनकर्मी तथा लोकल ग्रामीणों की मदद से शिकार करने का काम करते हैं।*

#### आधा दर्जन से ज्यादा बाघों की मौजूदगी की संभावना

आईटीआर के डिप्टी डायरेक्टर संदीप बलगा के अनुसार इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों के मूवमेंट की लगातार निगरानी की जाती रही है। ट्रैप कैमरा में बाघों के पूर्व में कई फोटो कैद किए गए हैं। वन अफसर ने इंद्रावती टाइगर रिजर्व में आधा दर्जन से ज्यादा बाघों की मौजूदगी की संभावना व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में माओवादी क्षेत्र होने की वजह से इस क्षेत्र में बाघों की गणना के लिए ट्रैप कैमरा नहीं लगाए जाते थे। पिछले वर्ष 15 स्थानों पर ट्रैप कैमरा लगाए गए थे।

# सीएम साय बोले- रेल परियोजनाएं प्रदेश की विकास यात्रा को दे रही हैं नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- रेलवे के मानचित्र पर नई पहचान बना रहा छत्तीसगढ़, 24 गुना बढ़ा रेलवे बजट

छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास अब केवल नई रेल लाइनों के निर्माण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रदेश की औद्योगिक प्रगति, ऊर्जा सुरक्षा, निवेश, रोजगार, व्यापार और क्षेत्रीय संतुलित विकास का सबसे सशक्त आधार बनकर उभरा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से पिछले ढाई वर्षों में रेलवे अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। रिकॉर्ड बजटीय निवेश, नई रेल लाइनों का निर्माण, मल्टी-ट्रैकिंग, दोहरीकरण, आधुनिक स्टेशन, शत-प्रतिशत विद्युतीकरण तथा दूरस्थ आदिवासी अंचलों तक रेल संपर्क के विस्तार ने छत्तीसगढ़ को देश के रेलवे मानचित्र पर अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित कर दिया है। वर्तमान में प्रदेश में 51 हजार करोड़ से अधिक लागत की रेल परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, जो राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा रेलवे निवेश है और विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत आधारशिला बन रहा है। रेलवे क्षेत्र में हुआ रिकॉर्ड निवेश इस परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रमाण है। वर्ष 2014 से पहले छत्तीसगढ़ को रेल परियोजनाओं के लिए औसतन लगभग 300 करोड़ का वार्षिक बजट प्राप्त होता था, जबकि वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 7,470 करोड़ तक पहुंच गया है। अर्थात एक दशक में रेलवे बजट में लगभग 24 गुना की ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। यह केवल बजट में बढ़ोतरी नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के प्रति केंद्र सरकार की विकास प्राथमिकताओं और राज्य की बढ़ती आर्थिक क्षमता का परिचायक है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास को अभूतपूर्व गति दी है। उन्होंने कहा कि रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल पर जिस तेजी से नई रेल परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है और उन पर कार्य प्रारंभ हुआ है, उसने प्रदेश के विकास की दिशा ही बदल दी है।

### बिना कार्यकारिणी के विदा हो रहे बैज : भाजपा

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के कार्यकाल को लेकर कहा, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के कथित आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ कांग्रेस की कमान संभालने वाले दीपक बैज का तीन साल का कार्यकाल पूरी तरह विफल साबित हुआ है। गुटबाजी और अंतर्कलह के दलदल में धंसी कांग्रेस का यह हश्र होना ही था। श्री दीपक ने कहा, एक तथाकथित बड़ा आदिवासी चेहरा अपने पूरे कार्यकाल में 10 उपाध्यक्ष, 23 महामंत्री और 252 सदस्यों वाली अपनी एक अदद 'पूर्ण कार्यकारिणी' तक गठित नहीं कर पाया।

## अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण साव-बृजमोहन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिला अधिवक्ता संघ, रायपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पद एवं गोपनीयता शपथ ग्रहण समारोह जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे। विशिष्ट अतिथियों में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश गौतम चौरड़िया तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे। समारोह में न्यायाधीश तथा सैकड़ों अधिवक्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दिनेश देवांगन, सचिव राकेश पुरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारती राठौर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पाटस्कर, कोषाध्यक्ष रानी लक्ष्मी साहू, सहसचिव गुणेश कुमार निर्मलकर, महिला सहसचिव नेहा राठौर, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव युगेश्वर कुमार साहू, ग्रंथालय सचिव महेंद्र कुमार देवांगन सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल रहे।

### साव और बृजमोहन ने दी सहायता

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, अधिवक्ता केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे संविधान, कानून और लोकतंत्र के वास्तविक प्रहरी हैं। उन्होंने जिला अधिवक्ता संघ के अधोसंरचनात्मक विकास एवं अधिवक्ताओं के हित में 50 लाख रुपये की सहायता की घोषणा की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के मजबूत स्तंभ हैं और समाज का उन पर अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किल का पक्ष नहीं रखते, बल्कि न्याय की स्थापना और कानून के शासन को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

# अकबर ने कहा- नकटी सहित छह गांवों की 1076 एकड़ जमीन बिल्डरों को सौंपने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार अब नकटी गांव के विवाद को सुलझाने के बजाय वहां की जमीनों को लेकर एक अन्य विवाद की तैयारी में है। शासकीय दस्तावेज स्पष्ट रूप से बताते हैं कि नकटी सहित सेरीखेड़ी, मंदिर हसौद, रमचंडी, बरौंदा और रीको की कुल 436.01 हेक्टेयर (करीब 1076 एकड़) भूमि को नगर विकास योजना के नाम पर निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस प्रस्तावित योजना में नकटी गांव की भी कुछ जमीनों को शामिल किया गया है। सरकार स्पष्ट करे कि इस योजना में वह विवादित जमीन तो शामिल नहीं है, जहां तोडफोड़ हुई है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी निविदा के दस्तावेज बताते हैं कि चयनित एजेंसी को सड़क, जलापूर्ति, सीवरेज, विद्युत जैसी आधारभूत संरचनाएं विकसित करने के बदले मिश्रित उपयोग (मिक्स यूज) भूमि के विकास और उसके विक्रय का अधिकार दिया जाएगा। इसका मतलब ये है कि उक्त जमीनों को सीधे न बेचकर डेवलपर के माध्यम से बेचा जा रहा है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई है। नकटी गांव की जमीन को लेकर विवाद बना हुआ है, प्रभावित परिवार न्याय की मांग कर रहे हैं और उनकी समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। वर्तमान परिस्थितियों में ग्राम नकटी में तनावपूर्ण स्थिति है, इसलिए जब तक पीड़ित परिवारों को न्यायपूर्ण और सर्वसम्मत हक नहीं मिल जाता, तब तक सरकार की प्राथमिकता मान्य व्यवस्थापन ही होना चाहिए।

### बिल्डरों को जमीन सौंपने का आरोप झूठा : केदार



वन मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस नेता मो. अकबर द्वारा नकटी क्षेत्र की 1076 एकड़ भूमि को बिल्डरों को सौंपने की तैयारी संबंधी आरोपों को पूरी तरह मनगढ़ंत, झूठा और राजनीतिक साजिश बताया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के पास न तथ्य हैं, न प्रमाण, इसलिए जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने अकबर को खुली चुनौती देते हुए कहा, यदि उनके आरोपों में जरा भी सच्चाई है, तो वे दस्तावेज और प्रमाण सार्वजनिक करें। साय सरकार किसी भी दुष्प्रचार या राजनीतिक दबाव में आने वाली नहीं है। सरकारी भूमि की रक्षा, कानून का निष्पक्ष पालन और गरीबों के हितों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह अभियान पूरी पारदर्शिता के साथ आगे भी जारी रहेगा।

## मंदिर हसौद में नए तहसील भवन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद में तहसील दफ्तर के नए भवन का शनिवार को शुभारंभ हुआ। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने फीता काटकर इस नए तहसील दफ्तर भवन की शुरुआत की। इस दौरान सांसद ने कहा कि आधुनिक नया तहसील भवन के बनने से लोगों को पहले से अधिक सुविधाएं मिलेंगी। इससे कार्य में भी तेजी आएगी।

### 66.20 लाख की लागत से बना भवन

प्रशासनिक सेवाओं को आमजन के और अधिक निकट, सुलभ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंदिर हसौद क्षेत्र में नए तहसील दफ्तर का निर्माण किया गया है। नगर पंचायत समोदा में बने इस तहसील भवन का लोकार्पण 9 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया था, जिसका शुभारंभ अब हुआ है। नवनिर्मित तहसील भवन में 13 कक्ष तथा 3 कोर्ट बनाए गए हैं। इसके अलावा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेयजल सहित अन्य बुनियादी व्यवस्थाएं भी हैं। इस आधुनिक तहसील दफ्तर का निर्माण 66.20 लाख रुपए की लागत से हुआ है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, प्रतीक बैस अध्यक्ष नगर पंचायत चंदखुरी, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, एसडीएम आरंग अभिलाषा पैकरा तथा तहसीलदार मंदिर हसौद विक्रांत सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**धर्म के नाम पर राजनीति कर रही भाजपा : कमलेश्वर**

# अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस ने बीजेपी को रामद्रोही बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और एमपी सरकार के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा, राम मंदिर चढ़ावा चोरी का जो मामला आया है, उसमें बीजेपी ने अब तक कितने की चोरी हुई है या कितने का चढ़ावा आया था, इस बात का कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। भले ही कुछ लोगों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन कई ऐसे लोग हैं, जिन पर कार्रवाई करने की जरूरत है। आखिर बीजेपी सरकार इन लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है।

राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में कमलेश्वर पटेल ने बीजेपी पर धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जिस समय बीजेपी ने भगवान राम की प्रतिमा स्थापित की, उस समय स्थानीय संत महात्माओं ने मुहूर्त नहीं होने की बात कही थी। बावजूद इसके भगवान राम की प्रतिमा स्थापित की गई, जिसका नतीजा आज सामने है। आज राम मंदिर में चढ़ावा चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति पर भगवान की कृपा होती है, वही सत्य धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलता है। जो व्यक्ति छल कपट और चोरी का रास्ता चुनता है, वह केवल कानून ही नहीं, बल्कि धर्म से भी भटक जाता है।

**मामले में कांग्रेस का बड़ा आरोप**


25 नवंबर 2025 को ध्वजारोहण कार्यक्रम में 10 से 12 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में 113 करोड़ रुपए खर्च किए गए। यह पैसा देश की आम जनता का है। यह पैसा मंदिर निर्माण के लिए गरीबों ने दिया था। किसानों ने दिया था, जितने लोग धर्म और भगवान के प्रति आस्था रखते हैं, देश के सभी दलों के लोगों ने पैसा दिया था, इस तरह से लूटने का काम भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को कतई नहीं करना था।

**बीजेपी-आरएसएस के संरक्षण में चंदा चोरी**

अभी जो एसआईटी गठित हुई है उसमें फर्जी रसीद नकद चढ़ावा लेखा-जोखा हेराफेरी के अनेक आरोप सामने आए हैं। श्री पटेल ने कहा, यही नहीं बीजेपी और आरएसएस के संरक्षण में पहले अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी हुआ और फिर अभी उत्तराखंड के बद्रीनाथ मंदिर में चंदा चोरी हुआ। मध्यप्रदेश के बगुलामुखी देवी का मंदिर है, वहां पर भी करोड़ों रुपए की चंदा चोरी का मामला सामने आया है। ऐसे पूरे देश में एक रैकेट सा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में धर्म के नाम पर लूटने का बना है।

### भाजपा का पलटवार

भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, जो दल हमेशा प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारता रहा, जिसने सुप्रीम कोर्ट में श्रीराम को 'काल्पनिक' बताने का हलफनामा दिया, आज वही कांग्रेस 'कालनेमि' रूप धरकर रामभक्त बनने का ढोंग कर रही है। कांग्रेस नेताओं के अनर्गल आरोपों पर कड़ा प्रतिकार करते हुए उन्होंने कहा, देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र और राम-विरोधी मानसिकता को अच्छी तरह पहचानती है। श्री साहू ने कांग्रेस के पाखंड पर प्रहार करते हुए कहा, रामायण में जिस प्रकार कालनेमि राक्षस ने भगवान राम के कार्य में बाधा डालने के लिए साधु का वेश धरकर हनुमान जी को गुमराह करने का प्रयास किया था, ठीक उसी तरह आज कांग्रेस के नेता रामभक्ति का चोला ओढ़कर देश की जनता को भ्रमित करने का निष्फल प्रयास कर रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि भगवान श्री राम मंदिर अयोध्या में हुई घटना की जांच की जा रही है और दोषियों पर लगातार कार्रवाई भी हो रही है।



## ग्रीम आर्मी के पदाधिकारियों ने चलाया अभियान



**रायपयपुर।** ग्रीन आर्मी रायपुर छत्तीसगढ़ के पुरानी बस्ती जोन द्वारा मलसाय तालाब, प्रोफेसर कॉलोनी रोड, छत्रपति शिवाजी स्कूल के पास, पुरानी बस्ती में शनिवार को सुबह स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत मलसाय तालाब एवं आसपास के बगीचे की व्यापक सफाई की गई। इस जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान में रायपुर के विभिन्न जोनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

आप सभी के अमूल्य योगदान के लिए ग्रीन आर्मी परिवार आभार जताया। यह कार्यक्रम के संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान में वार्ड पार्षद कृष्णा सोनकर सहित उनकी टीम, प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु, श्याम बघेल, चेतन पटेल, नरेश पटेल, किरण तिवारी, दुर्गा जैन आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### नौकरी का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगी, गिरफ्तार

**रायपुर।** खुद को प्रभावशाली बताकर शासकीय विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के साथ फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिस व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो पुलिस का बर्खास्त सिपाही है। उसके खिलाफ पूर्व में आधा दर्जन से ज्यादा ठगी के



अपराध दर्ज हैं। ठगी के आरोप में पेंशनबाड़ा निवासी मोहम्मद इमरान कादरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने कई लोगों को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में नियुक्त कराने का विश्वास दिलाते हुए फर्जी चयन सूची एवं फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगी की थी। इमरान के खिलाफ पूर्व से जुआ एवं विभिन्न प्रकार की ठगी से संबंधित आठ प्रकरण सिविल लाइन, तेलीबांधा, सिमगा सहित अन्य थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं।

### रकम दोगुनी करने का झांसा, ठग लिए 20 लाख

**रायपुर।** पेशे से इंजीनियर को ट्रेडिंग में रकम निवेश करने पर 30 दिन में रकम दोगुनी होने का झांसा देकर अज्ञात जालसाजों के ग्रुप ने 20 लाख रुपए की ठगी कर ली। विशाल गोयल ने खमतराई थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि उसे 13 फरवरी को अज्ञात नंबर के वाट्स एप ग्रुप में जोड़ा। इसके बाद युवती ने कॉल कर विशाल को ऑनलाइन ट्रेडिंग के बारे में जानकारी देते हुए भारी मुनाफा मिलने का झांसा दिया। जालसाजों के झांसे में आकर इंजीनियर ने रकम निवेश की। बाद में रकम निकालने की कोशिश करने पर और पैसों की मांग की गई, तब इंजीनियर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

### शराब की अवैध बिक्री करते धरा गया कोचिया

**रायपुर।** देवपुरी, भाठागांव में शराब बेचते एक युवक को टिकरापारा पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.940 लीटर शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अजय जांगड़े को शराब बिक्री करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश करने पर उसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। शराब की कुल कीमत साढ़े तीन हजार रुपए आंकी गई है।

### बोकरामुड़ाखुर्द में हुई पालक-शिक्षक बैठक

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम ग्राम पंचायत बोकरामुड़ाखुर्द में सरपंच गौतम मांझी की अध्यक्षता में पालक-शिक्षक बैठक हुई। सरपंच गौतम मांझी ने शिक्षा गुणवत्ता सुधार एवं समस्या समाधान कैसे हो, पालक बालक शिक्षक के दायित्व पर प्रकाश डाला गया। शिक्षा समिति अध्यक्ष हाईस्कूल ईश्वर चंद्राकर कंडीझर, ब्रम्हदेव मांझी बोकरामुड़ा खुर्द अध्यक्ष, उमाराम सबर अध्यक्ष कंडीझर, भोजराम मांझी मड़ियापारा सहित अन्य गणमान्य नागरिक, पालकों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक खेमराज चंद्राकर ने किया। बैठक में शिक्षक लोचन साहू, मोहित चंद्राकर, उपेंद्र कुमार ध्रुव, कमला आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क बीज वितरण, 50 से अधिक किसान लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

## अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट ने किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में बढ़ाया कदम

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड हिरमी के सीएसआर विभाग द्वारा ग्रामीण विकास केंद्र, हिरमी में कृषक जागरूकता एवं निःशुल्क सब्जी बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 60 से अधिक कृषक लाभान्वित हुए तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में प्रशिक्षक नारायण सिंह साहू ने किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं सतत कृषि पद्धतियों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशकों के उपयोग, मृदा की उर्वरता बनाए




**सब्जी बीज वितरण से बढ़ेगी कृषकों की उत्पादकता**

अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट प्रबंधन द्वारा कृषकों के उत्पादन एवं लाभ में बढ़ोतरी होती पूर्व में भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए गए हैं तथा इसी तारतम्य में इस सत्र में सब्जी बीज वितरण कर सब्जी उत्पादकों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु यह पहल की गई है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास अधिकारी वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे सहित ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में सब्जी उत्पादक कृषक उपस्थित रहे।

रखने तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी साझा की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सूचीन वर्मा ने शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं, उन्नत कृषि तकनीकों, फसल उत्पादकता बढ़ाने के उपाय, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा वैज्ञानिक खेती की नवीन पद्धतियों की जानकारी देते हुए किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सब्जी उत्पादक कृषकों को निःशुल्क सब्जी बीज वितरित किए गए जिसमें हल्दी एवं अन्य मौसमी सब्जी के बीज का वितरण कर कृषकों को सब्जी उत्पादन का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

**सहायता : गोल्डन आवर में पहुंचाया जिला अस्पताल**

# डायल 112 की तत्परता से सड़क हादसे में घायल युवक की बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम लटुवा मेन रोड पर रविवार अपरान्ह हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक बाइक सवार को थाना सिटी कोतवाली की डायल 112 टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोल्डन आवर के भीतर जिला अस्पताल पहुंचाकर समय पर उपचार उपलब्ध कराया। पुलिस की तत्परता की स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने सराहना की है।

■ रिसदा-लटवा मार्ग में हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार आज अपरान्ह करीब 3:47 बजे कंट्रोल रूम को रिसदा-लटुवा मार्ग स्थित ग्राम लटुवा मेन रोड पर बाइक दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही डायल 112 बाज-01 में तैनात आरक्षक त्रिलोचन ध्रुव एवं चालक जीवन सिंह राजपूत तत्काल मौके पर पहुंचे। वहां मोटरसाइकिल चालक गोपीचंद कन्नौजे, निवासी ग्राम लटुवा नायकताड़, सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से उनके हाथ-पैर एवं शरीर पर गंभीर चोटें



आई थीं। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डायल 112 टीम ने एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना उन्हें सरकारी वाहन से तत्काल जिला अस्पताल बलौदाबाजार पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर लिया। समय पर उपचार मिलने से उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क पर निर्धारित गति सीमा का पालन करें, हेलमेट अवश्य पहनें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 पर सूचना दें। पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और सतर्कता ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## लाहोद में दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में तीन घायल

**बलौदाबाजार।** थाना लवन क्षेत्र के ग्राम लाहोद में रविवार सुबह दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 108 एम्बुलेंस के साथ समन्वय स्थापित कर घायलों को जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 8:34 बजे कंट्रोल रूम को हादसे की सूचना मिली। सूचना मिलते ही डायल 112 बाज-01 में तैनात आरक्षक प्रीतम सिंह आनंद एवं चालक प्रशांत भारद्वाज तत्काल घटनास्थल पहुंचे। वहां दो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त अवस्था में मिलीं। तीन युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़े थे। घायलों की पहचान रामलाल साहू, राजाराम साहू और गोपी साहू, निवासी ग्राम निवारी मल्हार, के रूप में हुई। पुलिस टीम ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को मौके



पर बुलाकर घायलों को प्राथमिक उपचार दिलाया और सभी को जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार भेजा। चिकित्सकों के अनुसार तीनों का उपचार जारी है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से घायलों को 'गोल्डन आवर' में चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। स्थानीय लोगों और परिजनों ने डायल 112 टीम की तत्परता एवं सेवा भावना की सराहना की है।

पुलिस ने वाहन चालकों से वर्षा ऋतु में विशेष सावधानी बरतने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की अपील की है।

# भटगांव कॉलेज की 18 एकड़ भूमि होगी सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शासकीय महाविद्यालय भटगांव के कब्जा रहित भूमि पर बाउंड्रीवाल (अहाता) निर्माण के लिए राशि बजट में स्वीकृत करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश जारी किए हैं, विगत आठ जुलाई को छग के वित्त मंत्री ओपी चौधरी प्रदेश भाजपा कार्यालय रायपुर में जनदर्शन के माध्यम से दूर दराज से आए कार्यकर्ताओं के समस्या का त्वरित समाधान किया,इसी तारतम्य में शासकीय नयन दास महिलांगे महाविद्यालय भटगांव के जनभागीदारी एवं विकास समिति के अध्यक्ष तुलसी राम आदित्य द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह, महामंत्री श्याम लाल साहू के माध्यम से महाविद्यालय भटगांव में अहाता निर्माण के राशि स्वीकृत करने का आवेदन पत्र वित्त मंत्री ओपी चौधरी को प्रस्तुत किया गया,मंत्री के द्वारा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर को तत्काल फोन के माध्यम से निर्देशित करते हुए आगामी बजट में इस विषय को छात्र छात्राओं के हित में रखते हुए शामिल करने का प्रस्ताव तथा प्राक्कलन संबंधित उच्च विभाग में भेजे,इसके पूर्व भी जिला प्रभारी मंत्री, राजस्व, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के पास भी आवेदन दिया गया हैं, उन्होंने ने भी अहाता निर्माण एवं अन्य सुविधाओं हेतु राशि स्वीकृत करने का भरोसा दिया हैं, ज्ञात हो कि जून माह में भटगांव महाविद्यालय के अठारह एकड़ भूमि जनभागीदारी, दमदमा किसान सेवा समिति के सहयोग से बेजा कब्जा मुक्त कराया गया हैं, शासन के त्वरित कार्यवाही से उम्मीद हैं कि जल्द की कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

■ जनदर्शन में मिले आवेदन पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कलेक्टर को प्रस्ताव व प्राक्कलन तैयार कर आगामी बजट में शामिल करने के निर्देश दिए

# स्वयं सेवकों ने गोद ग्राम सूमा में रोपे फलदार पौधे



**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, उन्नत भारत अभियान एवं रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में गोद ग्राम सूमा में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला एवं प्राचार्या डॉ. वंदना चौहान के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, उन्नत भारत, रेडक्रॉस के कार्यक्रम अधिकारी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों की उपस्थिति में 70 स्वयंसेवकों ने कटहल, जामुन, सीताफल, आम, पेंटाफोरम, नीम, जामुन, पपीता सहित अनेक फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली व घर-घर संपर्क कर घर मे पौधा लगाए ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, व लगाये गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किए।

# पदोन्नत होकर गरियाबंद स्थानांतरित हुए वनरक्षक मनबोधन टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी के वन प्रबंधन समिति धमनी के सचिव एवं वन रक्षक मनबोधन टंडन को वनपाल पद पर पदोन्नति गरियाबंद वन मंडल स्थानांतरित होने पर अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव, सरपंच ग्राम पंचायत धमनी हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेंद्र कुमार यादव, जनपद सदस्य चंद्र कुमार पैकरा, युवा ग्राम अध्यक्ष पीलाराम निर्मलकर, इको टूरिज्म के युवा अध्यक्ष अजय पैकरा, भीमसिंह पैकरा, उज्जैन दीवान, गिरिश यदु, नरोत्तम निषाद, हिरेंद्र यदु, टिकेस, देवप्रसाद, विनोद निषाद, छग्गु यादव, द्रोण पटेल, दुलार सिंह, हीरालाल यदु सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा पदोन्नत होकर गरियाबंद वनमंडल मे पदस्थ होने की बिदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उसके



सद्व्यवहार और मिलनसार होने प्रेरणादायक सुझाव, वन प्रबंधन समिति के साथ प्राकृतिक आलय निर्माण सौंदर्यीकरण पर श्रमदान से सफाई अभियान जैसे कार्यक्रम के के स्वप्नदृष्टा एवं अगुवाई करने के लिये सभी ने अपने अपने विचार प्रगट करते हुए मनबोधन टंडन के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए ससम्मान बिदाई दी गई। मनबोधन टंडन वनपाल के द्वारा भी समिति अध्यक्ष रामनारायण यादव और समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों की सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# हरदी स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

संकुल केंद्र रोहिना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हरदी विकासखंड बिलाईगढ़ में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। शासन के आदेशानुसार पूर्व में गठित शाला प्रबंधन समिति को निरस्त कर दिया गया है। आदेशानुसार अब बच्चों के माता पिता ही समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष होंगे। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया जिसमें जया खुंटे अध्यक्ष, राजकुमारी खुंटे उपाध्यक्ष, ईश्वर प्रसाद लहरे उपसरपंच ग्राम पंचायत जुनवानी स्थानीय प्राधिकारी, लच्छराम लहरे शिक्षाविद, मनीष कुमार साहू, सहायक शिक्षक कोषाध्यक्ष, रामदुलार निराला प्रधान पाठक समिति के संयोजक बनाये गए। सदस्यों में हरिशंकर खूंटे, रामचरण खूंटे,प्रभा खूंटे, मंजू खटकर, अमीषा खूंटे, संतोषी खूंटे, शांति तेंदुलकर, हेमकुमारी यादव,




फूलबाई यादव का मनोनयन किया गया। सभी सदस्यों ने शाला विकास में सहयोग प्रदान करने में सहमति दी। शाला प्रबंधन समिति बैठक में सभी बच्चों को अभ्यास पुस्तिका, गणवेश वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण होने की जानकारी दी गई। रामदुलार निराला प्रधान पाठक ने शाला सुरक्षा, स्वच्छता, वृक्षारोपण अभियान, बच्चों के जाति प्रमाण पत्र, मध्यान भोजन, शाला अनुदान तथा बच्चों के नियमित उपस्थिति पर चर्चा किया। सदस्यों को उनके कार्य दायित्व से अवगत कराया तथा शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को शाला के गतिविधियों में शामिल होने और सहयोग प्रदान करने की अपील की गई ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिल सके।

## पेज 7 के शेष

### हथबंद - बलौदाबाजार की ...

बाद सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख जीवनरेखा है, जिस पर प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के एवं गड्ढों में पानी भर जाने के कारण कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। आम नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर भारी वाहनों एवं ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। जाम में फंसे कई ट्रक चालकों ने भी आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि इस जर्जर सड़क के कारण उन्हें प्रतिदिन भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने चेतावनी देते हुए कहा की यदि शीघ्र सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी आम जनता को साथ लेकर उग्र जनआंदोलन करेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### महिलाओं को डिजिटल ...

क्रेडिट कार्ड और एटीएम के सही उपयोग के साथ ऑनलाइन लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने साइबर ठगी से बचाव के लिए ओटीपी, एटीएम पिन और बैंकिंग जानकारी किसी से साझा नहीं करने की सलाह दी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### करोड़ों के काम...

टूटने से सीधे जमीन पर लगभग 100 फीट नीचे गिरने सेसिर के पीछे हिस्से गंभीर रूप से फटने से जमीन पर करीब 05 मिनट तड़पता रहा। उसके बाद आनन फानन में ठेकेदार के गाड़ी से पीड़ति को अस्पताल बलौदाबाजार जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही पीड़ति ने दम तोड़ दिया था।

**सुरक्षा मानकों को ताकपर रखकर चल रहा था काम:** यह दर्दनाक हादसे का प्रमुख वजह यह भी निकलकर सामने आया है कि ठेकेदार ने इतनी ऊंचाई कार्यो के लिए सुरक्षा मानकों को दरकिनार करते हुए मजदूरों एवं राजमिस्त्री से लगातार काम लेते आ रहा था जहां सपोर्ट एवं पैर रखने के लिए लोहे की मोटी रॉड लगानी चाहिए वहां सड़े गले बांस की लकडी का प्रयोग किये जाने की बात सामने आया है। इसके अलावा सेफ्टी गार्डो की सख्ती का पालन भी वहां नहीं हो रहा था बिना मोनिटरिंग के लाखों करोड़ों रुपए की लागत का पानी टंकी निर्माण बेलगाम चल रहा था। जो मजदूरों के जान माल को खतरे में रखते हुए कार्य बदस्तूर जारी रहा। यदि सुरक्षा मानकों का पालन होता तो शायद हादसे नहीं होता किसी गरीब परिवार का जिराग नहीं बुझता। उनके साथ काम करने वाले पश्चिम बंगाल निवासी सुपरवाइजर सुमंत कुमार एवं बिजनौर निवासी मजदूर चंद्रपाल ने बताया कि जिना (सीढ़ी) का काम चल रहा था तब दिशु राजपूत उम्र लगभग 25 वर्ष जिनका एक छोटा बच्चा है अचानक जिस लकड़ी के सहारे पैर रखकर काम कर रहा था उनके अचानक टूटने से दिशु राजपूत 100 फीट सीधा नीचे जमीन पर गिरा जिससे उनके सिर का पिछला हिस्सा फट गया करीब 05 मिनट उसके स्थल पर प्राथमिक उपचार के लिए पानी पिलाने एवं हाथ पैर को मालिश वगैरह किये उसके तुरंत बाद उचित इलाज के लिए ठेकेदार के गाड़ी में जिला अस्पताल बलौदाबाजार कार में बिठाकर ले गए। अस्पताल ले जाते वक्त अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

महेंद्र पाल ने आगे बताया कि ठेकेदार की लापरवाही है समय पर पैसा नहीं देता, रोजाना मजदूरी 700 रुपये है लेकिन खर्च के लिए सप्ताह में मिलता है सिर्फ 500 रुपये इस तरह मजदूरों का शोषण किये जाने की बात को भी महेंद्र पाल ने पत्रकारों के कैमरे के सामने खुलकर बताया है। ठेकेदार पर कार्रवाई किये जाने की बात को मीडिया के समक्ष रखा गया है। प्राथमिक स्तर पर मौत के बाद ठेकेदार द्वारा मजदूर दिशु के परिवार को कितना आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया गया है यह भी सस्पेंस है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अघोषित बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी आंदोलन की चेतावनी

**संडी बंगला।** बरसात के मौसम में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के महामंत्री डॉ. बिसेसर वर्मा ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना के बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से आमजन के साथ किसानों की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। बार-बार बिजली बंद होने से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। डॉ. वर्मा ने बिजली विभाग से नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाने तथा बढ़े हुए बिजली बिलों की समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में बिजली कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और बिजली विभाग की होगी।

### मुक्तांजलि की आड़ में प्रायवेट एंबुलेंस

**रायपुर।** शासकीय शव वाहन मुक्तांजलि योजना के नाम पर कुछ प्रायवेट एंबुलेंस मरीज ढोने का काम कर रहे हैं। हाल ही में शासकीय डीके हास्पिटल से मरीज



को घर पहुंचाने वाली एक प्रायवेट एंबुलेंस का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। एंबुलेंस में मुक्तांजलि सेवा डायल 1099 का जिक्र है, मगर यह शव वाहन न होकर प्रायवेट एंबुलेंस है। मुक्तांजलि सेवा शासकीय अस्पताल को इलाज के दौरान मृत्यु होने पर शव को को घर तक पहुंचाने की निशुल्क सेवा प्रदान करती है।

## निधन

### गीताराम पटेल

**गिधौरी।** नगर पंचायत टुण्डरा



निवासी गीताराम पटेल का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के कुम्हारी रोड स्थित मुक्तधाम में किया गया। गीताराम पटेल तीन बार पार्षद थे और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके है तथा अभी वर्तमान में शिवरीनारायण मंदिर समिति मरार पटेल समाज का कोषाध्यक्ष थे।

**कार्यक्रम : सतनाम के मार्ग पर चलेंगे तो समाज निरंतर प्रगति करेगा: साव**

# सतनाम भवन परिसर में विधायक इन्द्र साव ने किया रंगमंच का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

सतनामी समाज परिक्षेत्र द्वारा सतनाम भवन परिसर में रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित परिक्षेत्र अध्यक्ष शत्रुघ्न मार्कंडेय ने की।

इसके पहले विधायक श्री साव के नगर आगमन पर शत्रुघ्न मार्कंडेय के नेतृत्व में सतनामी समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने आतिशबाजी, फूलमालाओं एवं जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक श्री साव द्वारा जोड़ा जैतखंभ में नारियल अर्पित कर एवं गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना से की। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज ने लोकतांत्रिक परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, समानता, भाईचारे और मानवता का जो संदेश दिया, वही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा मार्ग है। यदि हम उनके बताए सतनाम के मार्ग पर चलेंगे तो समाज निरंतर प्रगति करेगा और सामाजिक समरसता मजबूत होगी। विधायक साव ने कहा कि उन्हें विधायक बनाने में सतनामी समाज के सहयोग, विश्वास और आशीर्वाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसे वे जीवनभर नहीं भूलेंगे। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष श्री जगमोहन मार्कंडेय की सराहना करते हुए कहा कि समाज की सेवा के प्रति उनकी निष्ठा अनुकरणीय है। समाज की हर छोटी-बड़ी समस्या को लेकर वे जनप्रतिनिधियों तक लगातार पहुंचते रहे हैं। उन्होंने बताया कि सतनाम भवन में रंगमंच निर्माण की मांग भी जगमोहन मार्कंडेय द्वारा भाटापारा पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपकर की गई थी। आज इस मांग के अनुरूप रंगमंच का भूमिपूजन होना पूरे समाज के लिए गौरव और खुशी का विषय है। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति में युवाओं की ऊर्जा और बुजुर्गों के अनुभव का समान महत्व होता है। दोनों के समन्वय से ही समाज नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, समानता और मानवता के सिद्धांतों को अपनाकर समाज निश्चित रूप से नई दिशा और नई पहचान प्राप्त करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नवनिर्वाचित अध्यक्ष शत्रुघ्न मार्कंडेय ने सतनाम भवन में प्रशाधन निर्माण की मांग विधायक श्री साव के समक्ष रखी। इस पर विधायक ने तत्काल 5 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। पूर्व अध्यक्ष जगमोहन मार्कंडेय ने आश्वासन दिया कि समाज के रुके हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में वे हर संभव सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम को जनपद सदस्य जितेन्द्र बंजारे एवं हिरेंद्र कोसले ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा बंजारे ने किया तथा आभार प्रदर्शन पूर्व अध्यक्ष एवं सरपंच रंजीत सोनवानी ने किया।

**प्रसाधन निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा की**



### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर पार्षद परदेशी सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि राजू कोसले मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, कोमल टंडन, महेश बंजारे, भूपेंद्र सेन, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे, साधराम गेंड्रे, सरपंच लोमन धृतलहरे, ओम बंजारे, मुकेश बंजारे, भागवत मिली, सुभाष दिवाकर, रोहित मिरी, चन्द्रशेखर मार्कंडेय, महेंद्र धृतलहरे, तोरन बघेल, रविन्द्र भारती, धरमपाल डहरिया, राज पुरैना, वाडकर सर, हेमदास कोसले, मनोहर गायकवाड़, चेलक, कंचन दिवाकर, सोनम वाडकर, सतीश महिलांग, भगवती बंजारे दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, महिलाएं, युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अस्तित्व फाउंडेशन ने कुर्रा स्कूल के विद्यार्थियों को बांटा स्कूल बैग




हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

शिक्षा में समान अवसर उपलब्ध कराने और विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से अस्तित्व फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने तिल्दा ब्लॉक के ग्राम कुर्रा स्थित शासकीय माध्यमिक एवं शासकीय प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। नए बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुपम दीवान ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने ग्रामीण परिवेश के अनुभव साझा करते हुए कहा कि सीमित संसाधन कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनते।

विद्यालय की प्रभारी प्रधान पाठक विद्या शर्मा ने फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी पहल विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करती है। इस अवसर पर प्रधान पाठक चंद्रकला वर्मा सहित कुसुमलता वर्मा, राधेश्याम कुर्रे, रूपेंद्र कुमार वर्मा, संतोष कुमार धीवर एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला बंगोली को भेंट किया पेयजल टैंक

**बंगोली।** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्यरत अस्तित्व फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने तिल्दा विकासखंड के ग्राम बंगोली स्थित शासकीय प्राथमिक शाला को नया पेयजल टैंक प्रदान किया। इससे विद्यालय के विद्यार्थियों को अब स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की नियमित सुविधा मिल सकेगी। विद्यालय का पुराना पेयजल टैंक क्षतिग्रस्त एवं दरारयुक्त होने के कारण पानी का लगातार रिसाव हो रहा था, जिससे जल की बर्बादी के साथ विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की जानकारी मिलने पर फाउंडेशन ने नया टैंक उपलब्ध कराया। विद्यालय की प्राचार्या सविता चंद्राकर ने फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुपम मिश्रा दीवान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। अनुपम मिश्रा दीवान ने कहा कि फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। भविष्य में भी ऐसी जनहितकारी पहल जारी रहेंगी।



# ओडान में 6 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन, स्वीकृत कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

ग्राम पंचायत ओडान में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। विधायक निधि से स्वीकृत 6 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शनिवार को विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे शामिल हुए। रवि बंजारे ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार शासन की प्राथमिकता है और जनप्रतिनिधि जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि कसडोल विधायक संदीप साहू के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य स्वीकृत होकर धरातल पर उतर रहे हैं। सरपंच केशव प्रसाद ध्रुव ने कहा कि सामुदायिक भवन ग्रामवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात साबित होगा। इसके निर्माण से सामाजिक बैठकों, पारिवारिक आयोजनों तथा अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने भवन की स्वीकृति के लिए जनप्रतिनिधियों एवं शासन का आभार व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा कराने का भरोसा दिलाया। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपसरपंच गणपद सिन्हा, पंच मुकेश साहू, उमेश वर्मा, चरणदास घृतलहरे, मयादास घृतलहरे, विजय कोसले, तोमन चंद्राकर, पोखन मंतराम सहित अन्य पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एबीसी विद्यालय में स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने रोपे 60 से अधिक पौधे

**खरोरा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर अनिता वर्मा और सीईओ विभीषण वर्मा ने अपनी माँ के नाम पर छायादार पौधा लगा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ विद्यालय के प्राचार्य ने भी हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में 50 से 60 पौधे रोपे गए और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को यह संदेश दिया कि माँ और प्रकृति दोनों ही हमारे जीवन का आधार हैं। अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ भविष्य का निर्माण करता है। विद्यालय के अन्य सदस्यों ने भी फलदार और छायादार पौधे लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।



# इमरान प्रतापगढ़ी का स्वागत

**भाटापारा।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान भाटापारा विधानसभा में कांग्रेसजनों द्वारा आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। प्रतापगढ़ी बिलासपुर में आयोजित छात्रों की गूंज छात्र संवाद कार्यक्रम में सहभागिता हेतु भाटापारा विधानसभा से गुजरते वक्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक इन्द्र साव, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन सहित प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई तथा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# त्रिवेणी संगम तट पर रघुनाथ जी के चरित्र को सुनने वाला भाग्यशाली : राजेश्री महंत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

चित्रोत्पला गंगा के पावन त्रिवेणी संगम तट पर युग-युगांतर से विराजित भगवान श्री शिवरीनारायण की पावन धरा में रविवारीय राम कथा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुन्दर दास महाराज ने कहा कि रविवारीय राम कथा का शुभारंभ मारुति मानस प्रचार समिति कसडोल से हुआ था। कालांतर में इसकी अनेक शाखाएं हुई जिसमें से एक यह शिवरीनारायण मठ का आयोजन भी है। इसके शुभारंभ के समय महंत परमानंद दास महाराज का भी योगदान रहा है। वे भी इस आयोजन में यदा- कदा आया जाया करते थे। मुझे आज पूरे दिन आप लोगों के साथ श्री राम कथा में उपस्थित रहना था किंतु सूचना मिली है कि परमानंद दास महाराज का शरीर शांत हो गया है, इसलिए मुझे लच्छनपुर जाना पड़ रहा है। आप सभी बड़े भाग्यशाली हैं, भगवान श्री शिवरीनारायण की पावन धरा में रघुनाथ जी के चरित्र को सुनने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। इसके पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर रामायण की आरती के साथ रविवारीय राम कथा का शुभारंभ किया।



### इनकी रही सहभागिता और उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रमुख मानस वक्ता के रूप में मानस मर्मज्ञ राधेकृष्ण दास जी बरगढ़ ओडिशा, भागवताचार्य योगेश शर्मा शिवरीनारायण भगत राम साहू, राम कुमारी साहू ग्राम मुड़पार, शिवकुमार द्विवेदी जैजैपुर, परस पटेल ग्राम दर्राभाठा, नेहरू प्रधान ग्राम कुम्हारी, कोमल साहू नगर पंचायत खरौद, सीताराम डडसेन ग्राम पुरगांव, गंगाराम पटेल ग्राम कौवालाल, बिहारी लाल भारद्वाज खरौद, बहादुर श्रीवास सहित अनेक मानस प्रवक्ता, मानस गायन समिति के सदस्य एवं श्रोतागण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल शिवरीनारायण मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य सुखराम दास, त्यागी महाराज, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, खगेंद्र पांडे, भूपेंद्र पांडे, पुरेंद्र सोनी, हर्ष दुबे सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिकगण उपस्थित थे।

